Bundelkhand Expressway: यूपी में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का उद्घाटन जल्द, सीएम योगी ने दिए अहम निर्देश

Curated by राघवेंद्र शुक्ला | नवभारतटाइम्स.कॉम Updated: 12 Apr 2022, 3:54 pm

Subscribe YouTube 4M

4

उत्तर प्रदेश को जल्दी ही बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के रूप में एक और एक्सप्रेसवे का तोहफा मिलने वाला है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसे लेकर जिम्मेदारों को खास निर्देश जारी कि...

Unbelievable offers and deals
Samsung.com

योगी आदित्यनाथ

लखनऊः उत्तर प्रदेश को जल्दी ही बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का तोहफा मिलने वाला है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि जल्द से जल्द बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के निर्माण का काम पूरा कर लिया जाए। बता दें कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का काम 90 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है। 100 दिन के भीतर बाकी का काम पूरा हो जाने की संभावना है।

- Amazon पर शानदार ऑफर - इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, होम डेकोर और अन्य सामानों पर पाएं भारी छूट.

इस संबंध में सीएम योगी ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा, 'प्रदेश को शीघ्र ही बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उपहार मिलने जा रहा है। इसके उद्घाटन कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं।' उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के काम में तेजी लाई जाए।

बता दें कि एक्सप्रेस-वे का 90 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो गया है। 296 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे सात जिलों से होकर गुजरेगा और चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, औरैया होते हुए इटावा में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे को जोड़ेगा।